CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 74 रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में उठा ईवीएम का मुद्दा

### ये सब फ्रॉड है, हर संस्था में अपना वर्चस्व बढ़ा रही सरकार : खड़गे



**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)। कांग्रेस अहमदाबाद में दो दिवसीय सीडब्ल्यूसी बैठक कर रही है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ़ अपना अभियान तेज़ कर दिया है। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं विफल हैं क्योंकि बेरोज़गारी का मुद्दा अभी भी बड़ा बना हुआ है। देश में ख़तरा यह है कि पूरे भारत में बेरोज़गारी बहुत ज़्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री देश के ग़रीबों के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी देश की अखंडता की रक्षा करेगी और सभी समाजों के कल्याण के लिए काम करेगी।

खड़गे मे आगे कहा कि पूरी दुनिया के विकसित देश श्वङ्करू को छोड़कर बैलेट पेपर की तरफ चले गए हैं। दुनिया में तमाम देश श्वङ्करू का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम श्वङ्करू पर निर्भर हैं। ये सब फ्रॉड है। सरकार ने ऐसे तरीके ईजाद कर लिए हैं, जिससे सिर्फ उन्हें ही फायदा मिल रहा है, लेकिन आने वाले समय में देश के नौजवान उठ खड़े होंगे और कहेंगे कि हमें श्वङ्करू नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच है कि न किसी को हिमालय की चोटी पर बैठाना है और न किसी को पाताल में धकेलना है। ये गांधी जी के शब्द हैं और इस बात को आज मैं इसलिए दोहरा रहा हूं, क्योंकि आज देश में हालात ऐसे हैं, जहां गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सांप्रदायिक संस्थाओं, उनके जहरीले सिद्धांतों तथा कामों का सही उत्तर ये होगा कि कांग्रेस प्रबल जनमत तैयार करे ताकि वे प्रभावहीन हो जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्ष में सत्ताधारी दल संविधान पर चोट कर रहा है। हमारे संवैधानिक मूल्यों, संवैधानिक प्रावधानों, संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमला हो रहा है और इसको रोकना जरूरी है। हाल में हुए संसद के बजट सत्र में सरकार ने मनमाने तरीके से सदन चलाया। सदन में नेता विपक्ष राहुल गांधी जी को बोलने नहीं दिया गया। लोकतंत्र में यह लज्जा की बात है। ये दिखाता है कि मौजूदा सरकार किस मानसिकता के साथ चल रही है, इसलिए हमें आवाज उठाना जरूरी है, क्योंकि आज जो हो रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ।

खड़गे ने दावा किया कि जन सरोकार के जरूरी मुद्दों पर बहस करने के बजाय सरकार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए रात के तीन-चार बजे तक संसद में बहस कराती रही और मणिपुर जैसे मुद्दे पर रात के साढ़े चार बजे बहस शुरू होती है। हमने हमेशा मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा करनी चाही, लेकिन कभी भी सरकार इसके लिए नहीं मानी। इसका मतलब है कि सरकार जनता से अपनी नाकामी छिपाना चाहती है। जब देश के लोग सो रहे थे, तब कई महत्वपूर्ण बिल आधी रात को सदन में लाए गए। यह सरकार आहिस्ता-आहिस्ता लोकतंत्र को खत्म कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि देश की अर्थव्यवस्था में मोनोपॉली स्थापित की जा रही है। सार्वजनिक संपत्तियों को धीरे-धीरे निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। क्स्ह्य बेचकर लाखों सरकारी नौकरियों को खत्म कर स्ञ्, स्ट्, ह्वक्ष्ट वर्ग के आरक्षण पर चोट की जा रही है। दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण देना तो दूर की बात है, उल्टे मोदी सरकार एक-एक करके सारे क्स्ह्य अपने दोस्तों को सौंप रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो नरेंद्र मोदी एक दिन देश बेच देंगे। उन्होंने कहा कि आज सरकार चुनाव आयोग से लेकर संसद तक अपना विस्तार करने की कोशिश में है। चुनाव कराने वाली संस्थाएं सरकार के कंट्रोल में हैं। सरकार हर संस्था में दखल देकर अपना वर्चस्व बढ़ा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ मामले को लेकर ईडी पर कसा तंज

## ईडी के पास अपने मूल अधिकार हैं, तो उसे जनता के अधिकारों का भी ध्यान रखना चाहिए

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय के पास यदि मूल अधिकार हैं, तो आम जनता के भी ऐसे ही अधिकार हैं. सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया है. ईडी ने आर्टिकल 32 के तहत एक याचिका शीर्ष अदालत में प्रस्तुत की थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम में हुए घोटाले की जांच को दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई थी. सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि ईडी के पास अपने मूल अधिकार हैं, तो उसे जनता के अधिकारों का भी ध्यान रखना चाहिए. बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि आर्टिकल 32 के तहत याचिका तभी स्वीकार की जा सकती है, जब मूल अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो. इसके बाद, ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है.



ईडी ने पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और अन्य के खिलाफ चल रहे मामले में एक अर्जी दाखिल की है. ये सभी 2015 के एक मामले में आरोपी हैं, जिसमें नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा चावल की खरीद और वितरण में बड़े पैमाने पर घोटाले का आरोप लगाया गया है. ईडी का आरोप है कि छत्तीसगढ़ का आपराधिक न्याय प्रणाली इस जांच को प्रभावित कर रही है, जहां गवाहों को धमकाया जा रहा है और जांचकर्ताओं पर राजनीतिक दबाव डाला जा रहा है. ईडी ने इस मामले को नई दिल्ली में पीएमएलए के तहत विशेष अदालत में स्थानांतरित करने और नए सिरे से ट्रायल शुरू करने की मांग की है.

सूत्रों ने बताया कि इस मामले की जांच पर 2018 में सरकार के परिवर्तन का गहरा प्रभाव पड़ा. टुटेजा तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निकट हो गए और उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान की गई, जिससे जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया. इसके अलावा, एजेंसी ने एसआईटी के सदस्यों और टुटेजा के बीच हुई वॉट्सऐप चैट्स का उल्लेख किया और कॉल रिकॉर्ड का डेटा भी प्रस्तुत किया. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की याचिका पर सवाल उठाए, यह कहते हुए कि यह आश्चर्यजनक है कि ईडी जैसी संस्था ने सरकार की एजेंसियों के खिलाफ याचिका दायर की है. अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने ईडी की ओर से पेश होकर याचिका वापस लेने की बात कही.

### ब्रेकिंग न्यूज

#### नाइट क्लब में मशहूर सिंगर का कॉन्सर्ट, गिरी छत इन फेमस हस्तियों समेत 66 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)। डोमिनिकन गणराज्य में नाइट क्लब में हुए हादसे का वीडियो सामने आया है। देश की राजधानी सैंटो डोमिंगो के मशहूर जेट सेट डिस्कोथेक में हादसा हुआ। मशहूर गायक रूबी पेरेज के कॉन्सर्ट के दौरान अचानक नाइट क्लब की छत ढह गई। हादसे में करीब 66 लोगों की मौत हो गई है और 150 से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों में एक मशहूर गायक, मोंटे क्रिस्टी स्टेट की गवर्नर और बार मेजर लीग बेसबॉल पिचर ऑक्टेवियो डोटेल भी शामिल हैं। इस दर्दनाक घटना में मेजर लीग बेसबॉल के पिचर ऑक्टेवियो डोटेल, मोंटे क्रिस्टी स्टेट की गवर्नर और 7 बार के मेजर लीग बेसबॉल ऑल-स्टार नेल्सन क्रूज की बहन नेल्सी क्रूज भी शामिल हैं। दिल तोड़ने वाली बात यह है कि नेल्सी क्रूज ने खुद पहले हादसे की जानकारी डोमिनिकन गणराज्य के राष्ट्रपति लुइस अबिनाडर को दी, फोन करके बताया कि वह मलबे में दबी हुई हैं। बाद में अस्पताल में उनकी भी मौत हो गई। इसी हादसे में प्रसिद्ध सिंगर रूबी पेरेज भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### सीमा पर आईईडी विस्फोट में बीएसएफ का जवान घायल

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बाड़ के पास बुधवार को हुए 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी)' विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। बल ने एक बयान में यह जानकारी दी।

भारत के पश्चिमी हिस्से में इस संवेदनशील सीमा पर आईईडी लगाए जाने की यह एक दुर्लभ घटना है। इसमें कहा गया है कि यह घटना गुरदासपुर जिले में आठ और नौ अप्रैल की मध्य रात्रि को हुई। बल ने बताया कि बीएसएफ का एक दल रात के समय सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे गश्त कर रहा था और उसने भारतीय क्षेत्र में छिपाए गए तारों के साथ कई आईईडी का पता लगाया।




चूहा- सुनती हो, प्रदेश सरकार में केबिनेट विस्तार कभी भी हो सकता है कह रहे हैं।

चुहिया- हां जी, एक साल से तो ऐसा ही कहते आ रहे हैं...!

## रायपुर पहुंचे नितिन नबीन, एयरपोर्ट पर वरिष्ठ नेताओं ने किया स्वागत

### कई नेता बैठक में होंगे शामिल



**रायपुर,** 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन बुधवार सुबह रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर निगम-मंडलों के कई नवनियुक्त अध्यक्षों ने उनका स्वागत किया। वे आज कई बैठकें लेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि, अभी तो निगम मंडलों में नियुक्तियां हुई है, इंतजार करिए उसका भी समय आएगा।

बता दें कि, बीते महीने नितिन नबीन राजधानी रायपुर में कहा था कि पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा को जीत दिलाने के लिए बधाई देते हुए कहा था कि, छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई और अभिनंदन। पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराने का सपना पूरा हुआ। निकाय और पंचायत चुनाव में 80 से 100 फीसदी सीटों पर कमल खिला है। छत्तीसगढ़ की जनता ने बीजेपी पर विश्वास किया। उस विश्वास पर हम खरा उतरेंगे, विकास हमारा एजेंडा है ट्रिपल इंजन की सरकार में तेजी से विकास होगा।

## आरबीआई की बड़ी घोषणा, दिया सस्ते लोन का तोहफा, 2 महीने में दूसरी बार सस्ता होम-कार लोन

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारतीय रिज़र्व बैंक ने मौद्रिक नीति की समीक्षा के दौरान बड़ी घोषणा करते हुए रेपो रेट में 0.25त्न की कटौती की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा सस्ते लोन का तोहफा दिया। इस निर्णय के बाद अब रेपो रेट 6त्न पर आ गया है। इस कटौती से होम-कार लोन की ईएमआई घटेगी। केंद्रीय बैंक का यह कदम आर्थिक विकास को गति देने और महंगाई को नियंत्रित रखने की दिशा में एक संतुलित प्रयास माना जा रहा है।

नए वित्त वर्ष में आरबीआई की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग के फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर ने आज 9 अप्रैल को दी। ये मीटिंग 7 अप्रैल को शुरू हुई थी। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग आमतौर पर हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हो रही है।

फरवरी में ब्याज दर में की थी कटौती इससे पहले चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 की आखिरी मीटिंग में आरबीआई ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5त्न से घटाकर 6.25त्न कर दिया। ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई

## आरोपी को जल्द सजा दिलाने एसपी ने बनाई आईआईटी




**दुर्ग,** 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसके हत्या के मामले में दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने विशेष जांच दल का गठन किया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) पद्मश्री तंवर की अगुवाई में गठित टीम पूरे मामले में साक्ष्य जुटाने से लेकर फास्ट ट्रेक कोर्ट में चार्ज शीट पेश करने का काम करेगी.

पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित विशेष जांच दल में मोहन नगर थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा पाठक, छावनी थाना प्रभारी उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर, उप निरीक्षक पारस ठाकुर (मोहन नगर थाना), सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र देशमुख (थाना मोहन नगर), सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा, (रक्षा टीम) प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे (मोहन नगर थाना) को शामिल किया गया है.

मामले में प्रार्थी ओम नगर, उरला निवासी सन्नी यादव पिता स्व. मनोहर लाल यादव की रिपोर्ट पर मोहन नगर थाना में अपराध क्रमांक 133/25 धारा 137 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. प्रकरण में धारा 103 (1), 64 (2)(एफ), 65 (2), 66, 238(ए) बीएनएस एवं 6 पाक्सो एक्ट का समावेश किया गया है.

## पैसे के विवाद पर सनकी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

### फिर खुद लगा ली फांसी

**बिलासपुर,** 9 अप्रैल (हाईवे चैनल) छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में घरेलू विवाद के चलते एक हंसता-खेलता परिवार तबाह हो गया. बेलगहना चौकी क्षेत्र के उमरिया गांव में बीती रात पति ने पहले अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी और फिर खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना मिलने पर बेलगहना पुलिस, स्नस्रु टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंची.

जानकारी के अनुसार, मृतक पति सुखलाल बैगा ने अपनी पत्नी कुंवारिया बाई से पैसे की मांग की. पैसा नहीं देने पर दोनों के बीच विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ गया कि सुखलाल ने कुल्हाड़ी से उमरिया बाई पर हमला कर हत्या कर दी और खुद फांसी लगाकर जान दे दी. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुटी हुई है.

## भारत लाया जाएगा 26/11 का मास्टरमाइंड

**नई दिल्ली,** 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)। मुंबई 26/11 आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा को अब कभी भी भारत लाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार अमेरिका से प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और राणा को भारत में लाकर एनआईए की हिरासत में सौंपा जाएगा। दिल्ली और मुंबई की जेलों में उसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि अमेरिका की न्यायपालिका की सिफारिशों के अनुरूप उसकी निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



### तहव्वुर राणा की गिरफ्त से खुल सकते हैं खुफिया नेटवर्क के राज!

भारत सरकार ने साल 2019 में तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की आधिकारिक मांग अमेरिका से की थी। तब से केंद्र सरकार और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां लगातार प्रयासरत थीं। आखिरकार, अमेरिकी अदालत ने भारत के पक्ष में फैसला दिया और इस साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि तहव्वुर राणा को अब भारत में न्याय का सामना करना होगा। यह मोदी सरकार के निरंतर दबाव और कूटनीतिक कोशिशों का नतीजा है। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य रहा है। उसने अपने साथी डेविड कोलमैन हेडली की मदद की, जो 26/11 हमले से पहले भारत आया था और हमले के संभावित ठिकानों की रेकी की थी। राणा ने हेडली को पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज दिलवाए थे, ताकि वह भारत में स्वतंत्र रूप से घूम सके और लश्कर को जानकारी दे सके। यह हमला लश्कर और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की साजिश थी, जिसमें राणा की भूमिका बेहद अहम मानी गई। 26 नवंबर 2008 को जब मुंबई के कई इलाकों पर आतंकियों ने हमला किया, तब राणा अमेरिका में बैठकर लगातार अपडेट ले रहा था। जांच के दौरान यह सामने आया कि राणा ने हमले में मारे गए लोगों की संख्या पर खुशी जताई थी और कहा था कि इस हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तान का सबसे बड़ा सैन्य सम्मान मिलना चाहिए। उसका यह रवैया उसके चरमपंथी विचारों और आतंक के प्रति सहानुभूति को साफ दिखाता है।

CMYK